प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात **दिनांक- 17.11.2026**

थाना रूरा पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए गैर इरादतन हत्या से संबंधित 01 अभियुक्त को घटना में प्रयुक्त मूसल के साथ किया गया गिरफ्तार।

कृपया अवगत कराना है कि जनपद कानपुर देहात में आपराधिक घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, दिनांक 17.11.2026 को वादिनी पूजा देवी पत्नी स्व0 चन्द्रप्रकाश निवासी ग्राम धनीरामपुर, थाना रूरा, जनपद कानपुर देहात द्वारा थाना रूरा पर तहरीर देकर अवगत कराया गया कि उनके ससुर गिरजाशंकर एवं उनके पति चन्द्रप्रकाश के मध्य धान की चार बोरियां बिकवाने को लेकर विवाद हो गया था। उक्त विवाद के दौरान दोनों के बीच कहासुनी एवं गाली-गलौज हुई, जिसके उपरान्त गिरजाशंकर द्वारा अपने पुत्र चन्द्रप्रकाश के सिर के पिछले हिस्से पर मूसल से वार कर दिया गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गए। परिजनों द्वारा उन्हें उपचार हेतु पहले स्थानीय निजी अस्पताल ले जाया गया तथा हालत में सुधार न होने पर कानपुर के कल्याणपुर स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान दिनांक 14.11.2026 को उनकी मृत्यु हो गई। उक्त तहरीर के आधार पर थाना रूरा पर दिनांक 17.11.2026 को मु0अ0सं0 351/2026 धारा 105 बीएनएस बनाम अभियुक्त गिरजाशंकर पुत्र कल्लू निवासी ग्राम धनीरामपुर, थाना रूरा, जनपद कानपुर देहात के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया। मुकदमा उपरोक्त में थाना रूरा पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए अभियुक्त गिरजा शंकर पुत्र कल्लू निवासी ग्राम धनीरामपुर थाना रुरा जनपद कानपुर देहात उम्र करीब 60 वर्ष को मुखबिर खास की सूचना पर दिनांक 17.11.2026 को रेलवे स्टेशन रुरा से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त मूसल बरामद किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

गिरफ्तारशुदा अभियुक्त का विवरण –

गिरजा शंकर पुत्र कल्लू निवासी ग्राम धनीरामपुर थाना रुरा जनपद कानपुर देहात उम्र करीब 60 वर्ष

बरामदगी-

घटना में प्रयुक्त मूसल

अभियुक्त उपरोक्त का आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0 361/2019 धारा 323/504/506 भा0द0वि0 थाना रुरा जनपद कानपुर देहात
2. मु0अ0सं0 341/2018 धारा 138(1)(b) भारतीय विद्युत अधिनियम थाना रुरा जनपद कानपुर देहात
3. मु0अ0सं0 351/2026 धारा 105 बीएनएस थाना रूरा जनपद कानपुर देहात

गिरफ्तार करने वाली थाना रूरा पुलिस टीम-

1.उ0नि0 श्री शिव बहादुर सिंह
2. का0 447 जितेन्द्र सिंह